>

Title: Need to direct the Madhya Pradesh Government and other procurement agencies for procurement of a minimum of 25 quintal wheat per farmer.

श्री अरुण यादव : महोदय, मैं एक बहुत ही विशेष समस्या को लेकर आपसे आग्रह करना चाहता हूं। मध्य प्रदेश में अभी गेहूं की खरीद शुरू हुयी है। आप सब जानते हैं कि किसान का गेहूं का उत्पादन पूति एकड़ लगभग 20 से 25 क्विंटल होता है। मध्य प्रदेश की सरकार द्वारा जो गेहूं खरीदी की जा रही है, उसमें मात्र दस क्विंटल पूति एकड़ के हिसाब से किसानों का गेहूं खरीदा जा रहा है। उसका बाकी बचा जो 15 क्विंटल गेहूं है, उसको सरकार के निर्धारित प्राइस से कम में बेचना पड़ रहा है और साथ ही साथ उसका जो बाकी बचा हुआ उत्पादन है, वह बिचौलियों की भेंट चढ़ रहा है। मैं आपसे निवेदन करना चाहूंगा कि आप सरकार को निर्देशित करें कि जितना भी गेहूं किसान उत्पादित कर रहा है, मध्य प्रदेश की सरकार किसान से उसका पूरा का पूरा गेहूं खरीदे और समय पर उसका भुगतान करे ताकि किसान को उसकी उपज का सही दाम मिल सके। धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN : Hon. Members, it is 8 o' clock now. The duration of the House is extended till the *Zero Hour* matters are over today.